**खास-खबरें**

## तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

विदिशा। विदिशा जिले में शुक्रवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। फिलहाल पुलिस कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। जानकारी अनुसार हादसा काली मंदिर के पास शुक्रवार देर रात 11 बजे के करीब हुआ। यहां एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें दो युवक सवार थे। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान 17 वर्षीय आदित्य और 18 वर्षीय रोहित के रूप में हुई है। दोनों पढ़ाई करते थे और रात को अपनी मौसी के यहां सांची जा रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया और कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है।

## पंचायत सचिव दायित्व से मुक्त

**विदिशा (निप्र)।** जिला पंचायत सीईओ पंकज जैन ने ग्यारसपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बोरीरामपुर के सचिव गिरवर सिंह यादव को सचिव पदीय दायित्व से मुक्त करते हुए उनका मुख्यालय जिला पंचायत विदिशा नियत किया है। श्री जैन द्वारा जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत बोरीरामपुर के सचिव गिरवर सिंह यादव को पांच हजार रू. की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त भोपाल द्वारा रंगे हाथो पकडे जाने के फलस्वरूप यह कार्यवाही की गई है। ग्राम पंचायत बोरीरामपुर के सचिव का अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत सियासी के सचिव पृथ्वी सिंह मीणा को सौंपा गया है।

## श्रीहरि वृद्धाश्रम में संतानहीनता निवारण परामर्श शिविर आज

**विदिशा। (निप्र)।** स्थानीय पुराने जिला चिकित्सालय भवन अवस्थित श्रीहरि वृद्धाश्रम में आज 17 नवम्बर रविवार को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर विदिषा, लायंस क्लब विदिशा आर्या तथा बंसल हॉस्पिटल भोपाल द्वारा निषुल्क संतानहीनता समस्या निवारण परामर्ष षिविर आयोजित किया गया है। इस षिविर में डॉ.ऋचा समाधिया हेड रिप्रोडक्टिव मेडिसिन विभाग बंसल हॉस्पिटल सहित सक्षम चिकित्सकों द्वारा निसंतान दम्पत्तियों को समुचित परामर्ष प्रदान किया जाएगा। आयोजन संस्था रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर विदिषा के अध्यक्ष राज अरोरा, सचिव रविन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष प्रकाष गोयल, केम्प कोऑर्डिनेटर चन्द्रमोहन अग्रवाल तथा लायन निकिता सराफ ने समस्त संबंधितों से इस षिविर का लाभ लेने का आग्रह किया है। वहीं, रोटेरियन सर्व व्ही.पी.सिंह, सीए अतुल गोयल, भास्कर राव कम्पूवाले, रिषभ डागा, डॉ.अनुज दुबे, निर्मल कुमार तथा लायन मंजू पाण्डे ने भी इसी प्रकार का आग्रह किया है।

# बाल मेला बच्चों के लिए व्यापार तंत्र सीखने का सुअवसर : नपाध्यक्ष

### सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल में लगाया भव्य बाल मेला

**गंजबासौदा।**

**स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल परिसर में एनएसएस के तत्वावधान में शनिवार को बाल दिवस सप्ताह अंतर्गत चल रहे बच्चों के कार्यक्रमों के तहत बाल मेले का आयोजन किया गया।**

बाल मेला विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, बी.आर.सी. ब्रजेन्द्र सिंह रघुवंशी, बी.ई.ओ. परता अहिरवार, पार्षद नीलू मणि अहिरवार, पार्षद प्रतिनिधि मणि अहिरवार, समाजसेवी मार्गदर्शक श्याम सिंह यादव, संस्था डायरेक्टर के.एस. यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया।



इस अवसर पर नपाध्यक्ष शशि यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह सुअवसर मिला है कि हम समाज के व्यापार जगत के संचालन का सही ढंग से उपयोग करने का तरीका सीखें, वहीं विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से अपने शहर का नाम प्रदेश और देश स्तर पर रोशन करें। संस्था द्वारा स्कूल के बच्चों को उच्च शिक्षण के अलावा लगातार बच्चों के सर्वागीण विकास और सामाजिक सरोकार के कार्य कराए जाते हैं। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होता है। बी.ई.ओ. परता अहिरवार एवं बी.आर.सी. ब्रजेन्द्र रघुवंशी द्वारा संस्था के गैर शैक्षणिक गतिविधि अन्तर्गत लगाए गए बाल मेले और विज्ञान प्रदर्शनी के लिए जमकर सराहना की। कार्यक्रम के आरंभ में संस्था द्वारा नपाध्यक्ष शशि यादव, बी.ई.ओ. परता अहिरवार, बी.आर.सी. ब्रजेन्द्र रघुवंशी, पार्षद नीलू अहिरवार एवं पार्षद प्रतिनिधि मणि अहिरवार, सरिता रघुवंशी का शाल श्रीफल से आत्मीय स्वागत किया।

मालूम हो कि संस्था परिसर में लगाए गए भव्य मेले में देश के सभी प्रदेशों के स्वादिष्ट व्यंजनों की दुकानें सजाई गईं। भारतीय व्यंजनों के अलावा मेले में चाइनीज आइटमों ने बच्चों को जमकर लुभाया। इस दौरान परिसर में करीब दो दर्जन व्यंजन काउंटर लगाए गए। व्यापार काऊंटरों पर सुबह 10 बजे से खरीदी बिक्री शुरू हुई वह शाम पांच बजे तक स्टाल व्यापारिक केन्द्र बने दिखाई दिए। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में स्कूल के बच्चों ने नवीन विज्ञान की संकल्पनाओं से भरे मॉडल सजाए, इसके अलावा बाल वैज्ञानिकों ने मॉडलों के माध्यम से विज्ञान की नई कल्पनाओं की आकर्षक प्रस्तुति देकर विज्ञान की संभावनाओं को साकार कर दिया।



## ट्रंप की जीत की खुशी में अमेरिकी डालर का महाकाल को पहनाया हार

### मंदिर पहुँचे श्रद्धालुओं ने मंदिर में गुप्तदान भी किया

**उज्जैन।**

भगवान महाकाल के अनुयायी देश में ही नहीं विदेशों में भी हैं। आज शनिवार सुबह आए श्रद्धालु ने भगवान महाकाल का पूजन अर्चन किया और उन्हें 121 अमेरिकी डालर से बना हार अर्पित किया। इसके बाद इसे मंदिर समिति में जमा कराया और नाम गुप्त रखने का कहा। इसी तरह अन्य श्रद्धालु ने भी 51 हजार रुपए की नगद राशि मंदिर की दानपेटी में भेंट की।

उल्लेखनीय है कि भगवान महाकाल के दरबार में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आते हैं और अपनी-अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के हिसाब से भगवान को राशि और अन्य सामग्री भेंट करते हैं। इसी क्रम में शनिवार सुबह महाकाल के एक भक्त पहुंचे और उन्होंने परिवार के साथ पूजन-अर्चन किया। इस दौरान उन्होंने 121 अमेरिकी डालर का हार भगवान महाकाल को अर्पित किया। इसके बाद उन्होंने यह हार मंदिर समिति के काउंटर पर जमा कराया और रसीद ली।

बता दें कि आज एक अमेरिकी डालर का अंतरराष्ट्रीय मूल्य भारतीय मुद्रा के 84.44 रुपए के बराबर है। इस मान से श्रद्धालु द्वारा चढ़ाया गया यह हार भारतीय मुद्रा में 10 हजार 224 और 17 पैसे की कीमत रखता है। पुजारी आशीष गुरु ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव जीतने की खुशी में यह डॉलर का हार श्रद्धालुओं ने भेंट किया है और उन्होंने अपना नाम गुप्त रखने का कहा है।

## 29 हजार मूल्य की अवैध मदिरा जब्त

**विदिशा (निप्र)।**

**कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के आदेश तथा जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के निर्देशानुसार विभाग में एक पृथक से प्रकोष्ठ गठित कर सहायक जिला आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य को नोडल नियुक्त किया गया है।**



श्री मौर्य ने बताया कि जिले के वृत्त सिरोंज के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर ग्राम राजीखेड़ी में अभियुक्त लक्ष्मण सिंह दांगी के रिहायशी मकान से तलाशी लेने पर 6 कागज के कार्टून में भरे कुल 292 पाव (52.5 बीएल) अवैध देसी मसाला मदिरा बरामद की गई, जिसे कब्जे आबकारी लेकर आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जब्तशुदा मदिरा का बाजार मूल्य 29 हजार 200 रु. आंकलित किया गया है । इस कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक संजय इवने, आबकारी आरक्षक मनोज नामदेव, एवं नीरज रघुवंशी का सराहनीय योगदान रहा।

## कृषि उपज मण्डी परिसर से हटाया गया अतिक्रमण

**विदिशा (निप्र)।** विदिशा कृषि उपज मण्डी समिति के नवीन प्रांगण मिर्जापुर के मुख्य एवं पिछले द्वार से लगी भूमि पर हुए अतिक्रमण को मण्डी समिति द्वारा ही हटाया गया। मण्डी की सचिव श्रीमती नीलकमल वैद्य ने बताया कि मण्डी के मुख्य द्वार की दुकानों एवं शेष रिक्त भूमि पर हुए अतिक्रमण तथा कृषि उपज मण्डी के पिछले गेट जिसे सौरई गेट के नाम से जाना जाता है के आस- पास हुए अस्थायी अतिक्रमण को मण्डी के सहायक यंत्री आरपी साहू, उप यंत्री श्री सुल्तानी, मण्डी के सहायक उप निरीक्षक एवं अधिकारियों द्वारा हटाया गया। वहीं, कच्चे निर्माण को तीन दिवस में हटाने के साथ ही दुकानों के सामने साफ सफाई रखने के निर्देश भी दिए गए।

## महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा विधायक सुदेश राय का जन्म दिन, रात्रि को होगा कवि सम्मेलन

**सीहोर।**

**सीहोर विधानसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में अरबों रुपए की विकास की सौगात देने वाले जनप्रिय नेता भाजपा के सीहोर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदेश राय का जन्म दिन क्षेत्र के आस्थावान नागरिकों के द्वारा उत्साह के साथ मनाया जाएगा।**

इस मौके पर सीहोर विधानसभा स्थित कार्यालय में सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से भेंट करेंगे, वहीं रात्रि को विशाल भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देश के जानेमाने हास्य कवियों को आमंत्रित किया गया। जो देश भक्ति के साथ हास्य कविता का पाठ करेंगे। इसके अलावा अहमदपुर देवीपुरा में क्षेत्रवासियों के द्वारा रामधुन यात्रा का आयोजन सुबह दस बजे किया जाएगा। चांदबड़ श्यामपुर, दोराहा, अहमदपुर देवीपुरा,चरनाल सीहोर सहित ग्रामीण अंचलों के बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी रैली के रूप में रविवार दोपहर में सीहोर पहुंचकर विधायक सुदेश राय को जन्मदिवस की बधाई शुभकामनाऐं देंगे। इसके अलावा हर समाज और हर वर्ग के नागरिक भी परम्परानुसार बधाई देने आऐंगे। युवा भाजपा नेता राजकुमार रिंकू जायसवाल ने बताया की विधायक जी ने अपने कार्यकाल में अरबों रूपये के निर्माण कार्यो की बड़ी सौगात विधानसभा क्षेत्र की जनता को दी है यही कारण है कि श्री राय के जन्मदिवस को महोत्सव के रूप में मनाने के लिए आम नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता समर्थक इंतजार कर रहे है, लीसा टॉकिज मैदान पर रविवार की रात आयोजित विशाल भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देश के जानेमाने हास्य कवियों को आमंत्रित किया गया है। गल्ला मंडी स्थित मैदान पर चांदबड़ श्यामपुर, दोराहा, अहमदपुर देवीपुरा, चरनाल सहित ग्रामीण अंचलों से रैली में सम्मिलित होने वाले हमारे परिवार के सदस्य समर्पित कार्यकर्ता और सम्मानीय नागरिक एकत्रित होंगे। भव्य विशाल स्वागत वाहन रैली का शुभारंभ मंडी से होगा। रैली मंडी के प्रमुख मांर्गो से होकर लुनिया चौराहा, भोपाल नाका, इंग्लिशपुरा रोड, कोतवाली चौराहा,मेन रोड पान चौराहा, बड़ा बाजार, लीसा टाकिज चौराहा से हजारों कार्यकर्ता लीसा टाकिज मैदान पर ढोल ढमाके डीजे के साथ पहुंचेगें।

## मोटरसाइकिल मोबाइल कई चोरियों में लिप्त आरोपियों को पकड़ा

**पीथमपुर।** सेक्टर वन पुलिस थाना प्रभारी ओ पी अहीर ने बताया कि मोटरसाइकिल मोबाइल अन्य चोरियों में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

धार जिला पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार नगर पुलिस अधीक्षक विवेक गुप्ता के निर्देशानुसार कार्यवाही की गई।

दिनांक 16 -11 -2024 को पुराने बस स्टैंड से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

विजय पिता शोभाराभ डाबर ,जयदीप पिता दिनेश मालवीय ,निलेश पिता मुकेश अमलियार से घरेलू सामान तथा दो मोटरसाइकिल जप्त की गई महिंद्रा पुल पीतमपुर से दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया ।जिसके पास से 18 मोबाइल चोरी के जप्त किए गए।

प्रकरण में थाना प्रभारी ओपी अहीर, बीके मिश्रा के के परिहार, नीरज मिश्रा ,सुरेज तिवारी ,महेश यादव, मनीष चौहान, सुधीर यादव ,प्रमोद बामनिया ,आर सर्वेश सिंह प्रशांत की सराहनी भूमिका रही। नियमित गस्त के कारण आरोपी पकड़े जा रहे हैं। अपराधों में कमी आई है।

## पत्रकार समाज का सबसे बुद्धिजीवी वर्ग होता है:खुशबू दीदी

**गंजबासौदा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली वरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर मीडिया सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें स्वस्थ एवं सुखी समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका विषय पर जोर दिया गया। भोपाल से आयीं ब्रह्माकुमारी खुशबू दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि शांति स्थापना करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आपात स्थिति में मीडिया ने सद्भाव का संदेश दिया है सोशल मीडिया से समाज में अशांति का माहौल बन रहा है आज से 40 50 साल पहले लोगों का जीवन बहुत सुख में था हम सीधे तौर पर लोगों से कनेक्ट होते थे अब फिर समय आ गया है कि मीडिया को लोगों के जीवन में शांति और मार्गदर्शन के लिए आगे आना होगा हम उस श्रेणी व संस्कृति से आते हैं जहां कभी देवी देवताओं की दुनिया थी फिर से वही दुनिया लाने के लिए हमें आध्यात्मिक की ओर बढ़ना होगा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी परिवार द्वारा भारत सहित पूरे विश्व में सकारात्मक और विश्व शांति के लिए प्रयास किया जा रहा है। संस्था का एक ही उद्देश्य है विश्व शांति अब इसमें मीडिया को भी आगे आना होगा किसी युद्ध में जब मीडिया की भूमिका पॉजिटिव होती है तो वह युद्ध भी समाप्त हो जाते हैं ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बताया कि हमारे लोकशाही के तीन स्तंभ की हालत बहुत ही नाजुक है ऐसे में मीडिया को सजग रहने की जरूरत है। मीडिया कई बार चाहते हैं कि मैं दिल से समाज के सामने सच्चाई पेश करें लेकिन कई तरह की दवावों के कारण चलते कई बार उसे सच्चाई को बयां नहीं कर पाते हैं लेकिन मीडिया को ऐसी खबरों को बढ़ावा देना होगा जिससे समाज में खुशहाली आए समाज में अहिंसा का माहौल बने अहिंसा का संदेश जाए हर एक पेसे में चुनौतियां रहती हैं और रहेगी लेकिन हमें इनके बीच ही समाज को आगे ले जाने के लिए सोचना होगा हर कोई खुशी और आनंद चाहता है इसमें हमें सहयोगी बनना होगा। आज वैश्विक स्तर पर तनाव का माहौल है ऐसे में मीडिया पर ही सभी की आशा भरी नजरे हैं। हम सभी परमात्मा की संतान है दुनिया विश्व बदलाव की दौड़ से गुजर रहा है परमात्मा का यही संदेश है कि मेरे बच्चों आप महान आत्मा, दिव्य आत्मा, पवित्र आत्मा हो अपने स्वरूप को पहचानो और मुझे निरंतर याद करो।

## महाकाल मंदिर में 500 जवानों की भर्ती को मोहन सरकार ने दी मंजूरी

**उज्जैन।**

प्रदेश की सरकार महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को कड़ी करने जा रही हैं। मंदिर में 500 होमगार्ड जवान की भर्ती के लिए उज्जैन के युवाओं को अवसर मिलने जा रहा हैं। प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है।

उज्जैन शहर में रोजगार के अवसर की तलाश कर रहे युवाओं के लिए एक खुशखबरी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 500 होमगार्ड सैनिकों की भर्ती करने की घोषणा की थी। जो अब जल्द ही शुरू होने वाली है। इसको लेकर फैसला भोपाल में हुई मीटिंग में लिया गया था। अब इस फैसले पर मुहर लग गई है।

इस भर्ती में उन युवाओं को मौका दिया जाएगा जो उज्जैन में स्थायी रूप से निवास करते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि इन सैनिकों का वेतन सरकार नहीं, बल्कि महाकाल मंदिर समिति देगी। मोहन सरकार के इस कदम से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे साथ ही महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी।

**स्पेशल खबर** आठ सालों में साढ़े पांच लाख रुपये की राशि से एक दर्जन मंदिरों में कराया निर्माण

# मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए कर रहे सुंदरकांड

**शाजापुर।** घरों और प्रतिष्ठानों पर सुंदरकांड के माध्यम से हनुमानजी का जयकारा लगाने वाले सुंदरकांड मंडल के सदस्य आठ सालों से मंदिरों के जीर्णोद्धार के सराहनीय कार्य में लगे हुए हैं। मंडल के सदस्य सुंदरकांड करने पर प्राप्त होने वाली राशि से अब तक दर्जनों मंदिरों में कार्य करा चुके हैं। वर्ष 2016 में 21 सदस्यों ने श्री मारुति नंदन सुंदरकांड मंडल का गठन किया और सभी सदस्यों ने सुंदरकांड से मिलने वाली राशि को मंदिर निर्माण में लगाने का निर्णय लिया। मंडल के राहुल सोलंकी ने बताया कि समस्त सदस्यों द्वारा निस्वार्थ भाव से बाबा की ज्योत सुंदरकांड के माध्यम से घर-घर जलाई। मंडल द्वारा किए गए सुंदरकांड पर जो राशि मिली उससे गिरवर स्थित खेड़ापति



हनुमान मंदिर के गर्भगृह में 4 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया। इसीके साथ अन्य हनुमान मंदिर निर्माण हेतु 11000 रुपये की राशि दी गई। वहीं भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण शरद नगर में 3300 रुपये, अयोध्या धाम में श्रीराम लला के भव्य निर्माण में 21001 की राशि मंडल द्वारा दान दी गई। साथ ही मारूति नंदन हनुमान मंदिर तालाब की पाल पर भव्य निर्माण में 1 लाख 1 रुपये की राशि, श्री प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पर मंडल की ओर से स्टील रेलिंग का कार्य कराया गया। इसी तरह डीपो के पीछे स्थित श्रीहनुमान मंदिर पर भव्य निर्माण में 15000 की राशि दान दी गई। मंडल के सदस्य राहुल सोलंकी ने बताया कि हनुमानजी भगवान श्रीराम के परम भक्त हैं और इसीलिए सुंदरकांड से प्राप्त आय हनुमान मंदिरों के अलावा श्रीराम मंदिरों के निर्माण पर खर्च की गई है। श्री मारुति नंदन सुंदरकांड मंडल मंदिरों में निर्माण कार्य के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

**साढ़े पांच लाख रुपये से अधिक राशि से कराया मंदिर निर्माण:** पं दामोदरप्रसाद शर्मा, अमृतलाल टेलर, महेश हरियाल, श्यामसिंह सेंधव, गोपाल पंवार, मनीष गेहलोद, राहुल सोलंकी, अजय यादव, बालकृष्ण यादव, अजय वर्मा, अजय पंवार, दुर्गेश कोटवानी, युवराजसिंह, मनीष गिरी, जीतू राठौर, पकंज जैन, गणेश राठौर, शुभम कारपेंटर, बाबूलाल अंबोदिया, राम विश्वकर्मा, महेंद्रसिंह हाड़ा ने वर्ष 2016 में श्री मारुति नंदन सुंदरकांड मंडल का किया था, जिसके बाद से मंडल सदस्य करीब एक दर्जन से अधिक मंदिरों में करीब साढ़े पांच लाख रुपये की राशि खर्च कर निर्माण कार्य करा चुके हैं। गिरवर मंदिर में चार लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया है।


केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय -I : पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

केनरा बैंक **की सांची शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि/ एनपीए दिनांक | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **केनरा बैंक, सांची शाखा, सांची** | | |
| ऋणी/प्रोपराइटर- **मेसर्स शर्मा ट्रेडर्स श्री सतेंद्र शर्मा पुत्र श्री सतानंद शर्मा** पता-1: ग्राम कानाखेड़ा कलां, सांची तह एवं जिला रायसेन पता-2: 3 श्रद्धानंद पथ डंडापुरा विदिशा म.प्र.- 464661 | मांग सूचना दिनांक : 12.11.2024 दिनांक को बकाया राशि ₹ 11,82,008.73 + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 26.10.2024 | कमर्शियल सह आवासीय मकान/प्लॉट स्थित क्रमांक ए-10, वार्ड क्रमांक 13, हेडगेवार कॉलोनी, सांची, तहसील एवं जिला रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल-600 वर्गफीट चर्तुसीमाएं- पूर्व- 30 फीट रोड, पश्चिम- 25 फीट रोड, उत्तर- श्री असफाक मोहम्मद का मकान क्रमांक ए-9, दक्षिण- श्री गुलाब सिंह का मकान क्रमांक ए-11, संपत्ति मालिक- श्री सत्येंद्र शर्मा पुत्र श्री सतानंद शर्मा |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।

इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।

उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।

**स्थान : सांची**
**दिनांक : 16/11/2024**

**प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक**